Hindustan (Hindi) **Page No.-05** **Date:-29.05.2019**

अंबेडकर विश्वविद्यालय में 24 जून तक मौका

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) ने शैक्षणिक सत्र 2019-20 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्नातक (यूजी), परास्नातक (पीजी) व बीवोक पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए 24 जून तक आवेदन किए जा सकते हैं।

सभी पाठ्यक्रम में दाखिला के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। वहीं, ऑनलाइन आवेदन करने में परेशानी का सामना कर रहे छात्र विश्वविद्यालय के कैंपस पहुंच कर आवेदन के लिए मदद ले सकते हैं।

1059 सीटों के लिए आवेदन : एयूडी ने यूजी-पीजी और बीवोक की कुल 1059 सीटों में दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की है। इसके तहत बीए इन ग्लोबल स्टडीज, बीए इन लॉ एंड पॉलटिक्स, बीए ऑनर्स अर्थशास्त्र, बीए ऑनर्स इतिहास, बीवोक इन रिटेल मैनेजमेंट, बीवोक इन टूरिज्म इन हॉस्पिटलिटी, एमए इनवायरमेंट डेवलपमेंटल, एम एजुकेशन, एमए ग्लोबल स्टडीज जैसे कुल 38 पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन किए जा सकेंगे।

85 फीसदी सीटें आरक्षित

दिल्ली सरकार के नियमानुसार एयूडी, डीटीयू, आईपीयू समेत दिल्ली सरकार के अधीन सभी विश्वविद्यालय में संचालित होने वाली कुल सीटों में से 85 फीसदी सीटें दिल्ली के छात्रों के लिए आरक्षित हैं, जबकि शेष बची हुई 15 फीसद सीटें अन्य राज्यों के छात्रों के लिए हैं।

कहां-कहां कैंपस

एयूडी के दिल्ली में कुल तीन कैंपस हैं। मुख्य कैंपस कश्मीरी गेट पर हैं। इसके अलावा कर्मपुरा व लोदी कॉलोनी में भी कैंपस है। सभी में अलग-अलग पाठ्यक्रम संचालित होते हैं।